# मैं मोटी और बहुत पढ़ाकू थी: सारा अली खान

नई फिल्म सिम्बा की सफलता का आनंद ले रहीं अभिनेत्री सारा अली खान का कहना है कि अभिनय हमेशा उनका सपना रहा है, लेकिन बहुत ज्यादा पढ़ाकू होने के कारण उनका मन बदलता रहा। क्या कैमरे के सामने आना उनके करियर की पहली पसंद थी?



सारा ने सिंगापुर, ग्लोबल इंडियन इंटरनैशनल स्कूल के एक लीडरशिप लेक्चर सीरीज में कहा, जब मैंने 10वीं की पढ़ाई पूरी की तो मैं डॉक्टर की पढ़ाई करना चाहती थी, लेकिन मुझे हल्के झटके की समस्या थी और मुझे महसूस हुआ कि मैं सर्जरी नहीं कर सकती, इसलिए मैंने कानून (लॉ) की पढ़ाई करने का फैसला किया और इतिहास और राजनीति विज्ञान का अध्ययन किया। लेकिन अंतिम वर्ष में मैंने अपना ऐक्टिंग कोर्स किया।

25 वर्षीय सारा ने बताया कि वह हमेशा से पढ़ाकू रही हैं। खुद के बारे में उन्होंने कहा कि वह आज भी पढ़ना पसंद करती हैं और लगभग हर विषय का अध्ययन कर चुकी हैं। वह कोलंबिया जैसे विश्वविद्यालय और न्यू यॉर्क जैसे एक शहर में इसका आनंद ले चुकी हैं, लेकिन रंगमंच पर काम करने के दौरान उन्होंने जो हड़बड़ी महसूस की, ऐसा उन्हें कभी नहीं हुआ। सारा ने बताया कि उनकी मां हमेशा उनसे किताबें ले लेती थीं।

उन्होंने कहा, अभिनय हमेशा से एक सपना रहा है, फिर भी इससे दूर रही। पहली बात कि मैं मोटी थी और दूसरी बात कि मैं बहुत पढ़ाकू थी और इसका मतलब था कि मुझे अभिनय नहीं करना चाहिए, इसलिए मैं पढ़ाई करती रहती थी और एक समय था जब मेरी मां मेरी किताबों को छीन लेती थीं और कहती थीं कि इतना पढ़ना ठीक नहीं है।

## अध्ययन सुमन को डेट कर रही हैं मायरा मिश्रा

टीवी के पॉप्युलर रिऐलिटी शो स्प्लिट्सविला 11 की कंटेस्टेंट रहीं मायरा मिश्रा आजकल ऐक्ट्रेस कंगना रनौत के एक्स-बॉयफ्रेंड अध्ययन सुमन को डेट करने को लेकर चर्चा में हैं। मायरा मिश्रा रिऐलिटी शो में अपने पार्टनर अंशुमन मल्होत्रा के साथ शामिल हुई थीं और उन्होंने शो में काफी अच्छा परफॉर्म किया था।

मायरा और अध्ययन सुमन अपनी खूबसूरत तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी ये तस्वीरें और कॉमेंट्स से जाहिर होता है कि दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं। मायरा ने अध्ययन के 31वें जन्मदिन पर विश किया था और उनके साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, मुझे तुमसे प्यार करने दो। हालांकि मायरा मिश्रा के साथ अपनी रिलेशनशिप पर अध्ययन सुमन ने अभी तक खामोशी बरती हुई है लेकिन दूसरी तरफ मायरा खुलकर सोशल मीडिया पर अपना प्यार जाहिर कर रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो मायरा इस समय सावधान इंडिया, फियर फाइल्स, ड्रीम गर्ल और भंवर जैसे शोज में काम कर चुकी हैं। उन्होंने एक टेलिविजन शो भी साइन किया है जो मार्च में ऑन एयर होगा।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

## महिलायें 40 के बाद हो जाती है नॉटी: विद्या बालन

बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन का कहना है कि 40 वर्ष के बाद महिलायें अधिक हॉट और नॉटी हो जाती हैं। विद्या बालन ने अपनी हर फिल्म के साथ ही महिलाओं के अलग-अलग शेड्स पर्दे पर दुनिया के सामने रखे हैं।

महिला प्रधान फिल्मों के चलते उन्हें क्रिटिक्स के साथ-साथ दर्शकों से भी वाहवाही मिली है। विद्या अक्सर महिलाओं के मुद्दों पर बोलती भी आई हैं। उन्होंने कहा, उम्र के साथ महिलाएं ज्यादा खुश होती हैं और उनका आत्मविश्वास भी बेहतर होता जाता है। महिलाएं 40 वर्ष की आयु के बाद ज्यादा हॉट और नॉटी हो जाती हैं।

पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं पर हर प्रकार के दबाव होते हैं लेकिन उम्र के साथ महिलाएं इसकी आदि हो जाती हैं और दुनिया भर की परेशानियों की टेंशन लेना बंद कर देती है, वो समय आपका हो जाता है, जब आपको खास परवाह नहीं होती है, उस समय आप सबसे ज्यादा फन कर सकते हैं।

मेरा एक दोस्त है जिसका मानना है कि 35 साल से ज्यादा की महिलाएं काफी फन लविंग होती हैं। चूंकि उसे भी रिलेशनशिप में नहीं पड़ना और 35 पार की कई महिलाएं भी ऐसा नहीं चाहती तो उनकी आपस में अच्छी बन जाती है। वो कहता है कि 35 के बाद महिलाओं को फर्क नहीं पड़ता है।

## ऐक्ट्रेस आयशा टाकिया ने शेयर किए क्यूट विडियोज

फिल्म इंडस्ट्री में फिल्म टार्जन : द वंडर कार से अपना करियर शुरू करने वाली ऐक्ट्रेस आयशा टाकिया ने हाल ही में सोशल साइट पर कुछ बेहद प्यारे विडियोज अपलोड किए हैं। इन्हें खूब पसंद भी किया जा रहा है। इसमें आयशा अलग-अलग अंदाज में नजर आ रही हैं।

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस आयशा टाकिया के दो विडियोज खूब वायरल हो रहे हैं। इनमें से एक में आयशा मोबाइल हाथ में लेकर स्माइल करती हुई पोज दे रही हैं। वहीं दूसरे विडियो में आयशा ने अपने बेटे मिखाइल को कार के अंदर मस्तीभरे अंदाज में दिखाया है। इसके साथ ही कैप्शन दिया है माई ड्रीम बॉय #मिखाइलआजमी ड्रामा किंग। हाल ही में जारी इस विडियो को लोग खूब प्यार भरे मेसेज भेज रहे हैं। बता दें कि आयशा को उनकी डेब्यू फिल्म टार्जन: द वंडर कार के लिए फिल्मफेयर महिला प्रथम अभिनय पुरस्कार मिला था।



इसके अलावा साल 2006 में आई फिल्म डोर के लिए उन्हें युवा विधवा किरदार के लिए काफी सराहा गया था। हालांकि उन्हें साल 2009 में आई फिल्म वांटेड से सबसे ज्यादा पहचान मिली। इसमें आयशा ने ऐक्टर सलमान खान के साथ काम किया था।



## ब्लैक बिकीनी में निमकी मुखिया भूमिका गुरंग ने ढाया कहर

ऐक्ट्रेस भूमिका गुरंग को लोग भले ही उनके असली नाम से पहचानते हों लेकिन निमकी मुखिया का नाम लेने पर तुरंत पहचान जाते हैं। टीवी शो निमकी मुखिया में लीड किरदार निभाने वाली भूमिका आज घर-घर में पॉप्युलर हैं। स्क्रीन पर उनका गांव की बिंदास बाला का किरदार काफी पसंद किया जा रहा है, लेकिन असल ज़िंदगी में वह काफी ग्लैमरस और हॉट हैं।

इन दिनों उनकी कुछ बोल्ड और बिंदास तस्वीरें इंटरनेट पर सनसनी मचाए हुए हैं। भूमिका इन दिनों गोवा में हैं और वहां वह समंदर किनारे ब्लैक बिकीनी में नज़र आईं। उनके इस बोल्ड लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। भूमिका रियल लाइफ में अपने ऑन-स्क्रीन किरदार से एकदम उलट हैं और काफी फैशनेबल हैं। उन्हें न सिर्फ घूमना-फिरना पसंद है बल्कि सोशल मीडिया पर भी वह काफी ऐक्टिव रहती हैं। भूमिका अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी फोटोज़ शेयर करती रहती हैं। भूमिका की ज्यादातर फोटोज़ वेस्टर्न आउटफिट्स में हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि उन्हें वेस्टर्न आउटफिट्स के काफी लगाव है। भूमिका गुरंग ने अपने ऐक्टिंग करियर की शुरुआत निमकी मुखिया से ही की। हालांकि निमकी मुखिया से पहले वह ये है आशिकी और गुमराह में एक एपिसोड में नज़र आईं। ऐक्टिंग में आने से पहले वह मुंबई में कैरेक्टर स्केचेस में बतौर सीनियर एग्जिक्युटिव रिक्रूटर काम करती थीं।